दिनांकः 04.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में चले आंधी, बारिश और ओलों के दौर से फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचने की आशंका–आज भी 18 जिलों में बरसात का ऑरेंज अलर्ट।
- उच्चतम न्यायालय ने **एसआई भर्ती–2025** मामले में 717 ओवर एज प्रार्थियों को शामिल करने के आदेश दिये।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जवाई–लूनी–रण ऑफ कच्छ राष्ट्रीय जलमार्ग–48 के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने को कहा।
- प्रदेश के डेयरी उत्पादों की व्यापक ब्रांडिंग होगी–धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर सरस आउटलेट खोलने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

000

प्रदेश के मौसम में असामान्य पैटर्न देखा जा रहा है। अप्रैल महीने की शुरूआत बेमौसम बारिश के साथ हुई है। प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल 18 स्थानों पर आंधी, बारिश और ओलों का दौर चला। इससे रबी की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग के अनुसार बीकानेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर और अलवर सहित कुछ स्थानों पर ओले गिरे। राजधानी जयपुर में दोपहर बाद मौसम अचानक बदला और शाम को तेज धूलभरी आंधी के साथ कुछ देर ओलावृष्टि भी हुई। इसी तरह श्रीगंगानगर, बीकानेर और जैसलमेर में भी ओलों की चादर बिछ गई। अजमेर और ब्यावर में आंधी से टिन शेड उड़ गये। वहीं डीडवाना–कुचामन में बिजली गिरने से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया। हनुमानगढ़ में ओलावृष्टि और तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी फसलें जमीन पर बिछ गईं। जिले में अचानक हुई तेज बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है।

भरतपुर में कल शाम हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है और कई स्थानों पर पानी भर गया।

पाली, भीलवाड़ा और बारां सहित कई स्थानों पर आज भी हल्की बारिश का दौर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आज उदयपुर, अजमेर, कोटा, जयपुर और भरतपुर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र के कुछ जिलों में तेज आंधी–बारिश और कहीं–कहीं ओले गिरने की संभावना है। कल और परसों में आंधी बारिश की गतिविधियों में कुछ कमी आने के आसार हैं। वहीं 7 अप्रैल से एक नया मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आंधी–बरसात का सिलसिला फिर से शुरू होने की संभावना है।

000

प्रदेश में मौसम में हुए अचानक बदलाव के मद्देनजर राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र और सभी जिलों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। आपदा प्रबंधन, सहायता और नागरिक सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए. सावंत ने कल परिचालन केन्द्र का दौरा किया। उन्होंने सभी जिलों से लगातार निगरानी बनाये रखने और किसी भी तरह की जनहानि तथा मकान क्षति की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। श्री सांवत ने कहा कि संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों में पहली तैयारी रखते हुए अर्ली वॉर्निंग का प्रभावी उपयोग किया जाए, जिससे आमजन को कम से कम नुकसान हो।

000

उच्चतम न्यायालय ने **एसआई, प्लाटून कमांडर भर्ती–2025** की 5 और 6 अप्रैल को होने वाली परीक्षा में ओवरएज अभ्यर्थियों को शामिल करने के अपने आदेश को संशोधित किया है। इसके साथ ही अदालत ने अभ्यर्थियों के दायरे को सीमित करते हुए सिर्फ याचिकाकर्ता को ही परीक्षा में शामिल करने के आदेश दिए हैं। उच्चतम न्यायालय की खंडपीठ ने कल एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिए। अदालत ने कहा कि परीक्षा कार्यक्रम में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा और परीक्षा तय

समय पर ही होगी। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यह आदेश अदालत नहीं आने वाले अभ्यर्थियों पर लागू नहीं होगा।

अधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने बताया कि भर्ती परीक्षा में करीब 7 लाख 70 हजार अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। वहीं साल 2021 की भर्ती प्रक्रिया के कई अभ्यर्थियों ने वर्तमान परीक्षा के लिए आवेदन ही नहीं किया है। ऐसे में इन्हें अनुमति देने से पूरी प्रक्रिया बाधित हो जाएगी।

वहीं हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता रहे 713 अभ्यर्थियों को पहले की परीक्षा में शामिल कर उनके प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं।

000

अजमेर के चंद्र वरदाई नगर में जीएनएम नर्सिंग स्कूल बनेगा। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कल इसका शिलान्यास किया। ये स्कूल सात करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री चौधरी ने बताया कि नर्सिंग स्कूल के साथ ही हॉस्टल भी बनाया जाएगा। इससे दूर दराज के विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा।

................

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रीय जलमार्ग–48 को लेकर कल जयपुर में एक अहम बैठक की। मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई इस बैठक में श्री शर्मा ने जवाई–लूनी–रण ऑफ कच्छ राष्ट्रीय जलमार्ग 48 के लिए विस्तृत रिपार्ट तैयार करने को कहा। और ब्यौरा दे रही हैं हमारी सहयोगी –

................

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल डेयरी विकास को लेकर भी एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुग्ध संग्रहण और प्रसंस्करण के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाया जाए। साथ ही लक्ष्य निर्धारित करते हुए औसत दुग्ध संकलन और दुग्ध सहकारी समितियों का विस्तार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेयरी उत्पादों की व्यापक ब्रांडिंग की जाए। उन्होंने प्रदेश और अन्य राज्यों के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर सरस आउटलेट खोलने जाने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिये।

000

आईपीएल क्रिकेट में कल पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हरा दिया। चेन्नई सुपर किंग्स की इस सीजन में यह लगातार दूसरी हार है। दूसरी तरफ पंजाब किंग्स ने लगातार दो जीत के साथ इस सीजन की शुरुआत की है।

आईपीएल में आज डेल्ही कैपिटल्स का सामना मुम्बई इंडियन्स से होगा। मैच, दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दोपहर साढ़े तीन बजे से खेला जाएगा।

दूसरे मैच में अहमदाबाद में गुजरात टाइटन का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह मैच नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।

000

खेलो इंडिया जनजातीय खेल कल छत्तीसगढ़ में संपन्न हो गए। प्रतियोगिता में कर्नाटक ने ओवर ऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। ओडिशा दूसरे और झारखंड तीसरे स्थान पर रहा।

000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में रेल अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग को बेहतर यात्रा अनुभव देना भारतीय रेल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से इस लक्ष्य की दिशा में सामूहिक रूप से काम करने का आह्वान किया और पिछले वर्ष के सराहनीय प्रदर्शन के लिए रेलवे कर्मचारियों को बधाई दी। श्री वैष्णव ने कहा कि रेल दुर्घटनाओं में ऐतिहासिक कमी और रिकॉर्ड माल ढुलाई से रेलवे की छवि में काफी सुधार हुआ है।

000

गर्मी की छुट्टियों में बढ़ते यात्रीभार को देखते हुए रेलवे ने लालकुआं से राजकोट के बीच साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी शुरू करने का निर्णय लिया है। उत्तर–पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि इस ट्रेन का संचालन कल से चार फेरों के लिए किया जाएगा। ये रेलगाड़ी 26 अप्रेल तक हर रविवार को लालकुआं से रवाना होगी।

000